<u>समाचार</u>

# <u>उत्कृष्ट परिणाम के लिए बालिकाओं को सम्मानित किया महापौर ने</u>

<u>(शाही नूरी मस्जिद के ईद मिलन समारोह में महापौर ने की शिरकत)</u>






कोरबा 11 जुलाई 2017 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने अलीगढ़ ऊर्दू यूनिर्वसिटी से प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट परिणाम लाने वाली बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल पहनाकर उनका सम्मान किया, उनकी उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी तथा ईदमिलन समारोह के मौके पर उपस्थित समाज की महिलाओं एवं अन्य नागरिकों को ईद पर्व की बधाई दी।

शाही नूरी मस्जिद सी.एस.ई.बी.आरामशीन बस्ती कोरबा में मुस्लिम समाज की महिलाओं द्वारा ईद मिलन समारोह का सुंदर आयोजन सोमवार को किया गया, आयोजन की मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की। इस मौके पर उन्होने रमजान के दौरान जिन बच्चियों ने पूरे 30 दिन रोजा रखा था, उन्हें पुरस्कृत किया, इसके साथ ही अलीगढ़ ऊर्दू यूनिर्वसिटी से प्रथम श्रेणी में परीक्षा परिणाम प्राप्त करने वाली बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए एवं मेडल पहनाकर उनका सम्मान किया। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने उत्कृष्ट परिणाम लाने वाली इन बालिकाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह अत्यंत खुशी का विषय है कि बालिकाओं ने अपनी मेहनत के बल पर अच्छे परीक्षा परिणाम प्राप्त किए हैं, निश्चित रूप से इन प्रतिभाओं का सम्मान किया जाना हम सभी का कर्तव्य बनता है, इससे उन्हें और अधिक मेहनत करने तथा आगे बढ़ने की प्रेरणा प्राप्त होगी, मैं बच्चियों के उज्जवल भविष्य की कामना करती हूँ। कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती अग्रवाल ने समाज की महिलाओं से गले मिलकर उनका ईद की मुबारक बाद दी। इस मौके पर उन्होने बस्ती की महिलाओं से उनकी विकास संबंधी आवश्यकताओं व समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की तथा कहा कि आपकी प्रत्येक विकास संबंधी समस्या का निराकरण किया जाएगा तथा इनसे संबंधित आवश्यकताएं पूरी की जाएंगी।

इस अवसर पर समाज सेविका मंगल बुधिया, महिला कांग्रेस की प्रदेश महामंत्री संगीता सक्सेना, जिलाध्यक्ष सपना चौहान, नूसरत खान, शबनम वाजी, जैनब याशीनी वाजी, कौसर आईसा, रसीदा बेगम, साजरा बेगम, हिना, शावरा, आदि के साथ काफी संख्या में समाज की महिलाएं उपस्थित थी।